संक्षिप्त

जागरूकता व सहायता शिविर 28 नवम्बर को

दौसा। अग्रणी जिला कार्यालय (लीड बैंक) की ओर से आपकी पूंजी, आपका अधिकार' जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष पर जिला कलक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना केन्द्र के सामने 28 नवम्बर को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक जिला स्तरीय जागरूकता एवं सहायता शिविर आयोजित किया जाएगा।अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार 10 साल से ज्यादा समय से लेन-देन नहीं होने वाले खातों की राशि बैंकों द्वारा आरबीआई को भेज दी जाती है। ऐसे सभी खातों की राशि को पुन: प्राप्त करने के लिए अपनाए जाने वाली प्रकिया की जानकरी दी जाएगी। सभी बैंकों की देखरेख में होने वाले इन शिविरों में नागरिकों को अनक्लेम्ड जमा, अनक्लेम्ड बीमा दावे, अनक्लेम्ड डिविडेंड, अनक्लेम्ड शेयर एवं म्यूचुअल फंड प्राप्त करने के लिए सहायता काउंटर उपलब्ध कराए जाएंगे। आवश्यकतानुसार लाभार्थी एवं दावेदार के केवाईसी अपडेट, दावा प्रपत्र भरने और दस्तावेज सत्यापन में भी सहयोग प्रदान किया जाएगा।

युवक पर किया हमला

टोंक। देवली थाना क्षेत्र के सांवतगढ में एक युवक पर तीन युवको ने हमला कर उसे जख्मी कर दिया। घायल युवक के पिता ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि उनका बेटा लेखराज मीणा बच्चे के लिए खाने का सामान लेने दुकान पर गया था, इसी दौरान तीन युवको ने उस पर हमला कर दिया। इस दौरान लेखराज ने भागने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उसे जमीन पर गिरा दिया तथा लोहे के सरिये से उसकी आंख पर वार किया, जिससे आंख बाहर आ गई और बाद में आरोपियों ने लेखराज के सिर, हाथ और पैरों पर भी सरिया, कुल्हाड़ी और लाठी से हमला किया। बाद में पीड़ित की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर फरार हो गए। मामले में देवली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, मामले में पिता ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

सी.सी.सड़क का किया लोकार्पण

कोटपूतली, (निसं)। क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल सोमवार को क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान विधायक पटेल द्वारा कस्बे के उपली कोठी में विधायक कोष से 10 लाख रूपये की लागत से निर्मित कचरा डम्पिंग यार्ड से प्रकाश कसाना के मकान तक सी.सी सडक का लोकार्पण कर आमजन की सुविधाओं के लिये सुपुर्द किया गया। इस मौके पर विधायक पटेल ने कहा कि क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास के लिये निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं आमजन की सेवा के लिये सदैव संकल्पित रहुंगा। इस दौरान नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद, एड. कमल कसाना, महावीर यादव, मंडल अध्यक्ष राजवीर यादव, प्रकाष कसाना समेत अन्य मौजूद रहें।

विनोद योगी को किया सम्मानित

शाहपुरा, (निसं)। कस्बे के उपजिला अस्पताल में मरीजों को बेहतरीन सेवा उपलब्ध कराने व सरकारी योजनाओं के तहत मरीजों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य को तय लक्ष्य से अधिक प्रतिशत तक पहुंचाने पर चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, जिला कलेक्टर जितेंद्र सोनी ने सम्मानित किया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत प्रसव पूर्व देखभाल मे प्रथम 12 सप्ताह तक की गर्भवती महिलाओं के जांच समेत तमाम चिकित्सा सुविधा पहुंचाने के लिए सम्मान दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन चिकित्सा मंत्री के सरकारी आवास पर आयोजित किया गया। यह सम्मान शाहपुरा उपजिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.विनोद योगी को जयपुर में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।
उपजिला अस्पताल पीएमओ डॉ. विनोद योगी ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान मे उत्कृष्ट योगदान पर सम्मानित किया गया।इस दौरान सक्षम जयपुर योजना के तहत डिजिटल किट भी दिये गए।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

स्वीकृत जल योजनाओं की निविदा व कार्य प्रगति की स्थिति की जानकारी ली

- अतिरिक्त जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में सचिवालय पर हुई जल एवं स्वास्थ्य समिति की बैठक। कार्य प्रगति बढ़ाने के लिए अधीक्षण अभियंता को दिए निर्देश
- साप्ताहिक समीक्षा बैठक का भी हुआ आयोजन सरकर के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिला विकास पुस्तिका के प्रकाशन एंव प्रदर्शनी को लेकर दिए गए निर्देश

खैरथल। जिला सचिवालय पर सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में जल एवं स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में स्वीकृत जल योजनाओ एवं प्रस्तावित जल योजनाओ की प्रगति के सम्बन्ध मे चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा स्वीकृत जल योजनाओं की निविदा एवं कार्य प्रगति की स्थिती की जानकारी ली गई।

इस दौरान अधीक्षण अभियंता धर्मवीर सिहं यादव ने बताया कि किशनगढ़ बास के 21 गांवों में पेयजल हेतु हुई बजट घोषणा की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। जल जीवन मिशन में स्वीकृत 543 ठामों में से 501 ठामो में 129610 जल कनेक्शन के कार्यादेश के तहत 94769 जल कनेक्शन जारी किये जा चुके है व 39 ग्राम नान- फिजिबल/ शहरी हो गए एंव शेष 03 ग्रामों की निविदा प्रक्रियाधीन है। जारी कार्यादेशो में से 256 ग्रामों की योजनाओं 100 प्रतिशत पूर्ण कर, 92 ग्रामो की योजना ग्राम पंचायतों को हस्तारित की जा चुकी है। 317 ग्रामों का कार्य पूर्ण कर 256 हर घर जल एव 57 ग्राम हर घर जल प्रमाणित किये जा चुके है, 92 ग्रामो की योजना ग्राम पचायतों को हस्तानान्तरित किए जा चुके हैं। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जानकारी लेने के पश्चात अभियंता को प्रगति बढाने हेतू निर्देशित किया है। जिससे सरकार की पेयजल योजना का लाभ 100 प्रतिशत लोगों के घरों तक पहुंचे। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

खैरथल जिला सचिवालय पर बैठक लेते जिला अतिरिक्त कलेक्टर शिवपाल जाट।

इसके अलावा अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में जिला सचिवालय पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, समाज कल्याण अधिकारी रमेश देहमीवाल, डिप्टी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पूरणमल मीणा, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, उपनिदेशक पशुपालन विभाग हवा सिंह जाट, सहायक अभियंता बिजली विभाग दिनेश भड़ाना, उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, एसीएफ वन विभाग संजय चौधरी, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

समीक्षा बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा राज्य सरकर के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिला विकास पुस्तिका का प्रकाशन एंव प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना है जिसके लिए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने विभाग की योजनाओं की प्रगति, विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन जानकारी कार्यालय को भिजवाने के निर्देश दिए। बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी घोषणाओं को समय बद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को बजट घोषणाओं की प्रगति हेतु उच्च स्तर पर नियमित फॉलो अप करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर विभागवार पेंडेंसी की समीक्षा भी की ओर निर्देश दिए 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करें ।

जिला परिषद करेगी 10 दुकानों की तालाबंदी की कार्यवाही

दौसा। जिला परिषद अपने परिसर में स्थित 10 दुकानों का बकाया किराया जमा नहीं करवाने पर अब बेदखली व तालाबंदी की कार्यवाही करेगी।

जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि जिला परिषद परिसर में स्थित 10 दुकानों को गत वर्षों से बकाया किराया राशि जमा करवाने के लिए कई बार नोटिस जारी किए और अंतिम अवसर का नोटिस चस्पा कर 24 नवम्बर को सायं 6 बजे तक वसूली राशि जमा करवाने का अंतिम अवसर दिया गया। इसके बावजूद बकाया किरायेदारों ने नोटिसों एवं किराया अनुबंध शर्तों की अवहेलना करते हुए किराया राशि जमा नहीं कराई है। किरायेदारों से बकाया राशि वसूली नहीं होने से राजकीय सम्पत्ति का दुरूपयोग हो रहा है। इस दशा को देखते हुए जिला परिषद के स्वामित्व वाली इन दुकानों को किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के बेदखली व तालाबंदी की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

एमओयू की क्रियान्विति की प्रगति के संबंध में बैठक आयोजित

- संपर्क पोर्टल, एसआईआर एवं विकास कार्य की प्रगति पर हुई चर्चा

कोटपूतली। जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राइजिंग राजस्थान के तहत जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट के दौरान किए गए एमओयू की प्रगति एवं आधारभूत आवश्यकताओं के संबंध में बैठक आयोजित कर समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश प्रदान किए गए।

जिला कलक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि राईजिंग राजस्थान के अन्तर्गत किये एमओयू के तहत भूमि संबंधित प्रकरण, कनवर्जन, विद्युत आपूर्ति एवं एनओसी के कार्यों का प्राथमिकता से निस्तारण करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि निवेशक से बेहतर समन्वय करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करें एवं समयबद्ध कार्य प्रारंभ करवाने के प्रयास करें। उन्होंने संबंधित विभाग से एमओयू की वन टू वन संपर्क कर कैटेगरी ए, बी, सी, माइल स्टोन - 1,2,3,4,5, और टास्क असाइन संबंधित अपडेट राजनिवेश पोर्टल पर करने के निर्देश दिए और एमओयू धारक को आवश्यक भूमि के लिए संबंधित क्षेत्र एवं विभाग में नियमानुसार आवेदन कराने के लिए जागरूक करने को कहा। उन्होंने कहा कि भू- रूपांतरण, सीएलयू पेंडेंसी, का शीघ्र निस्तारण करते हुए भूमि विजिट एवं आवंटन संबंधी प्रगति भी पोर्टल पर अपडेट करें। जिला कलेक्टर ने 30 नवंबर से पहले पहले अधिकतम ठाउंड ब्रेकिंग अपडेट करने के निर्देश दिये।

यह भी निर्देश दिया कि डिलीटेशन वाले (जो रिस्पॉन्स नहीं कर रहे और जो कार्य करने के इच्छुक नहीं हैं) को संबंधित विभागीय राज्य नोडल अधिकारी के माध्यम से बीआईपी से निरस्त कराया जाये। जिला उद्योग अधिकारी दिलखुश मीणा ने गत बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विभागवार प्रगति की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के तहत कोटपूतली-बहरोड जिले में 121 एमओयू लगभग 6280 करोड़ निवेश प्रस्तावित हुए थे और राजनिवेश पोर्टल पर अब तक जिले में कुल 346 एमओयू किए हैं, जिनमें कुल प्रस्तावित निवेश लगभग 19100 करोड रुपए एवं प्रस्तावित रोजगार लगभग 65 हजार है। जिले में किए गए 346 एमओयू में से 207 के पास भूमि उपलब्ध हो चुकी है जिनमें से अब तक 129 (37.28 प्रतिशत) एमओयू ठाउंड ब्रेकिंग हो चुकी है जिनके माध्यम से 5048 करोड़ का निवेश जिले में हो चुका है और लगभग 7660 नए रोजगार सर्जित हुए हैं जिनमें से 66 (19 प्रतिशत) एमओयू में प्रोडक्शन स्टार्ट / इंप्लीमेंट हो चुके है।

विधिक जागरुकता कार्यक्रम में दी जानकारी

दौसा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दौसा की टॉस्कफोर्स के तत्वावधान में सोमवार को फलसा वाले बालाजी मंदिर, हरियाणा मौहल्ला, कोलीपाडा एवं कुम्हार मौहल्ला में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संतोष अठावाल, टॉस्क फोर्स के सदस्य महेन्द्र कुमार गुर्जर ने अभियान की जानकारी दी। शिविर में सचिव संतोष अठावाल ने बताया कि यदि उनकी बिजली, पानी, समस्याएं हैं तो इसका निस्तारण उक्त अभियान के तहत नि:शुल्क किया जाता है। टॉस्क फोर्स द्वारा न्याय आपके द्वार अभियान की प्रक्रिया के बारे में बताया कि उपरोक्त जनउपयोगी सेवाओं से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत संबंधित शिकायत प्रार्थना पत्रविहित प्रारूप अथवा सरल हस्तलिखित में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के समर्पित मोबाईल नंबर 9119365734 पर सीधे वॉट्सऐप पर प्रेषित किए जा सकते है।

निवाई में चिकित्सक व रोगी के परिजनों के बीच हुई हाथापाई

निवाई। राजकीय उप जिला अस्पताल में सोमवार की सुबह एक चिकित्सक व रोगी के परिजनों के बीच हाथापाई हो जाने पर चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ ने कार्य का बहिष्कार कर दिया। जिससे अस्पताल में आने रोगियों को परेशानी का सामना करना पडा। अभद्र व्यवहार से नाराज चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ निवाई थाने पहुंचकर राजकार्य में बाधा पहुंचाने व हाथापाई करने के लिए लिखित में रिपोर्ट दी। दूसरे पक्ष की ओर से भी चिकित्सक अरुण लवासिया के विरुद्ध ड्यूटी टाइम में उपचार के लिए 1०5० रुपए मांगने और जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने की रिपोर्ट सौंपी। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया और दोनों पक्षों ने ही रिपोर्ट वापस ले ली। पुलिस ने बताया कि सोमवार को सुबह यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव आलोक मीणा की बच्ची के घर पर चोट लग गई। इस पर आलोक मीणा अपने साथी मुकेश मीणा को साथ में लेकर बेटी को अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष में पहुंचे। जहां डॉ. अरुण लवासिया व कम्पाउंडर दुर्गालाल मीणा ने घायल बच्ची पर कोई ध्यान नहीं दिया और मोबाइल पर बातचीत करते रहे। जिस पर आलोक मीणा व चिकित्सक के बीच कहासुनी हो गई और दोनों के बीच हाथापाई व धक्का मुक्की हो गई। जिसके बाद आलोक मीणा अपनी बेटी को उपचार के लिए जयपुर लेकर चले गए और चिकित्सकों ने कार्य का बहिष्कार करके थाने पहुंच गए। मामले को लेकर अस्पताल में सैंकडों मरीज उपचार के लिए भटकते रहे। घटना के बाद करीब ढाई बजे विधायक रामसहाय वर्मा भी अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने चिकित्सकों से घटना की जानकारी ली तथा जनहित को देखते हुए पुन: काम पर लौटने की सलाह दी। जिसके बाद सभी चिकित्सकों ने अस्पताल में पुन: चिकित्सा कार्य शुरू कर दिया। आलोक मीणा का कहना है कि इमरजेंसी में ड्यूटी पर तैनात डॉ. अरुण कुमार व कम्पाउंडर दुर्गालाल मीणा रोगियों को नहीं देख रहे थे और फोन पर बातें कर रहे थे।

पुलिस थाने में रिपोर्ट देते हुए चिकित्साकर्मी।

लापता बच्ची को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे में शनिवार को उस समय राहत की सांस ली गई जब घर के बाहर से लापता हुई 4 वर्ष की बच्ची पीहू को पुलिस ने महज एक घंटे से भी कम समय में सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस की इस सराहनीय व त्वरित कार्यवाही से क्षेत्र में पुलिस के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ है। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि 23 नवंबर को दोपहर लगभग 12 बजे पुलिस को सूचना मिली कि नरेन्द्र कुमार शर्मा निवासी डाबला रोड़, कोटपूतली की 04 वर्षीय पोती पीहू अचानक घर के बाहर से लापता हो गई है।

सूचना मिलते ही मामले को अत्यंत संवेदनशील मानते हुये तुरंत बच्ची की तलाश के लिये विशेष निर्देश जारी किये गये। जिस पर एएसपी नाजिम अली, डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने परिजनों से जानकारी लेकर आसपास के सभी संभावित स्थानों पर खोज शुरू की। पुलिस ने क्षेत्र में लगे व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहनता से विश्लेषण, तकनीकी सहायता एवं आसूचना संकलन करते हुये तेजी से गश्त व तलाश अभियान चलाया।

इसी प्रभावी कार्यवाही का परिणाम रहा कि बच्ची पीहू को एक घंटे के भीतर सुरक्षित रूप से बरामद कर लिया गया। बच्ची के परिजनों ने कोटपूतली पुलिस का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि पुलिस ने जिस संवेदनशीलता और तत्परता से कार्य किया वह प्रशंसनीय है।

वहीं स्थानीय लोगों ने भी पुलिस टीम की सराहना करते हुये कहा कि ऐसी त्वरित कार्यवाही से पुलिस के प्रति जनता का भरोसा और मजबूत होता है। कोटपूतली पुलिस की इस मुष्तैदी ने एक बार फिर साबित किया है कि त्वरित एवं संवेदनशील पुलिसिंग आमजन को सुरक्षा का मजबूत एहसास कराती है।

साझा संकलन 'काव्य पथिक - दौसा' का भव्य विमोचन समारोह आयोजित

- जिले के 101 रचनाकारों को मिला देवनगरी काव्य पथिक सम्मान

दौसा। राष्ट्रीय कवि चौपाल दौसा के तत्वावधान में सोमवार को काव्य पथिक दौसा का विमोचन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें दौसा जिले के 101 साहित्यकारों की रचनाओं से सुसज्जित साझा काव्य संकलन काव्य पथिक - दौसा का विमोचन किया गया।

कार्यक्रमा का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। साथ ही राष्ट्रीय कवयित्री सपना सोनी ने सरस्वती वंदना की। मुख्य वक्ता अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि संजय झाला ने कहा कि दौसा के लिए ये प्रयास साहित्य को ऊंचाइयां प्रदान करेगा। उपखण्ड अधिकारी संजू मीना ने साहित्य के किए गए इस नवाचार की भूरी भूरी प्रशंसा की। दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा ने साझा संकलन पर संपादक मण्डल एवं कार्यकारिणी को धन्यवाद दिया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष कासिम बीकानेरी, श्री कृष्ण हॉस्पिटल निदेशक डॉ. केडी शर्मा, पूर्व डीइओ भगवान सहाय सैनी, आरपीएम प्रदेशाध्यक्ष जगराम प्रजापति, भाजपा के नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र राजपूत, महामंत्री राजेन्द्र शर्मा, अपैक्स महाविद्यालय के निदेशक एडवोकेट रमेशचंद सैनी, शायर शफीक अहमद वारसी जयपुर, आरपीएम महासचिव अमरसिंह सलावद, श्रीराम पशु पक्षी संस्था संरक्षक घनश्याम जायसवाल गुरूजी सहित अन्य ने अपने विचार व्यक्त किये। इधर आयोजन समिति ने दुप्पटा, स्मृति चिह्न, माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने साझा काव्य संकलन काव्य पथिक दौसा का विमोचन किया एवं इस ऐतिहासिक साहित्यिक कार्य की कवि कृष्ण कुमार सैनी को बधाई दी। कार्यक्रम में संकलन में शामिल सभी 101 साहित्यकारों को अतिथियों द्वारा 'देवनगरी काव्य पथिक सम्मान' प्रदान किया गया। उपस्थित साहित्यकारों और दर्शकों ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उत्साहपूर्वक बधाई दी।

पुस्तक विमोचन करते हुये तथा कवियों को सम्मानित करते हुये कवि संजय झाला।

सार-समाचार

हाइटेक हुआ सांभर में देशी घी की ''फीणी'' का कारोबार

सांभरझील, (निसं) करीब चार शताब्दी पहले सांभरझील में ही फीणी का जन्म हुआ, तभी से महीन धागे की तरह खींचने की कला के रूप में विख्यात हुई। सांभर झील नमक उत्पादन के अलावा फीणी उत्पादन के रूप में भी पहचान रखता है। इसे फेनी या लच्छेदार फेनी भी कहा जाता है। इसका संबंध रियासत काल के समय से माना जाता है। राजा महाराजाओं के जमाने में इसे शाही भोज का दर्जा था। इसे गर्म दूध, केसर मेवा इलायची के साथ परोसा जाता था। महीन जाल जैसी लच्छेदार फेनी बनाने की कला यहां के हलवाइयों में वंशानुगत रूप से कूट-कूट कर भरी है। यह बहुत हल्की और खाने में कुरकुरी होने के कारण इसे मकर संक्रांति पर विशेष रूप से आने वाले मेहमानों को परोसा जाता है। मैदा और घी फीणी के प्रमुख अवयव है। रियासत काल में नमकीन फीणी भी प्रचलन में थी, अब केवल फीकी और मीठी दो तरह की बनती है। देशी घी ही इसके असली स्वाद को कायम रखता है। सांभर क्षेत्र के अलावा लंबे समय से शीतकालीन सत्र में जबरदस्त मांग बढने के कारण देश के अनेक राज्यों में ऑनलाइन डिलीवरी की सुविधा भी यहां उपलब्ध है। अब यहां के प्रमुख इस काम में जुडे हलवाई भी हाईटेक है। डिमांड इतनी ज्यादा की आपूर्ति करने में इन्हें पूरी रात काम में जुटना पडता है। औसतन देशी घी की फीकी फीणी का भाव 550 से 600 तथा मीठी-फीणी का भाव 400 से 450 रुपए प्रति किलो से कुछ अधिक भी रहता है। राज्य सरकार से अपेक्षा है कि रियासत काल के इस मिष्ठान को संरक्षण और जरूरी सुविधा प्रदान करें तो यहां का फीणी उद्योग पूरे देश में एक मिसाल बनकर उभर सकता है, और रोजगार के नये अवसर भी खुल जाएंगे।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक

दौसा। जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने सोमवार को यहां जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में केन्द्र एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने 'पंच गौरव' का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और इन्हें प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सभी फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को प्राथमिकता से प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए क्रियान्वयन की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम-कुसुम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना एवं जल जीवन मिशन की गति बढ़ाने पर विशेष बल दिया। जिला कलक्टर ने अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिले की प्रगति के प्रति संतोष व्यक्त किया तथा प्रदर्शन को और बेहतर करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को सर्दी के मौसम को देखते हुए शहर में रेन बसेरा एवं अन्य माकूल तैयारियां करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने 'पंच गौरव' योजना की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आंवटित बजट के अनुरूप प्रस्ताव तैयार कर गतिविधियां कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में मेहंदीपुर बालाजी, सिकन्दरा स्टोन, सौंफ, ढाक एवं फुटबॉल को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने बजट आवंटित किया है। इन्हें बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के साथ विभिन्न गतिविधियां कराएं। जिला कलक्टर ने भूमि रूपान्तरण प्रकरण, लाईटस प्रकरण तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना की प्रगति की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में उप वन संरक्षक अजित उचोई, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदी चंद गंगवाल, नगर परिषद आयुक्त कमलेश मीणा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक आयोजित

टोंक। बीजेपी संगठन में मजबूत तालमेल को लेकर मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अजमेर संभाग सहित जिले की जिला स्तरीय बैठक ली।

आम-सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य हरि दास पुत्र श्री रामजीलाल निवासी- 699, गर्ल्स स्कूल के पास, महस्वा, करौली, राजस्थान - 322220 का छोटा पुत्र चेतराम मीणा उनके कहने सुनने में नहीं है। मेरे अभिभाष्य द्वारा चेतराम मीणा को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा अपने समस्त सम्बन्ध समाप्त कर दिये है, यदि किसी व्यक्ति, बैंक या संस्था द्वारा इनसे कोई लेन- देन, संव्यवहार किया जाता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी।
जयपुर (भुवनेश कुमार सैनी) एडवोकेट
दिनांक 24/11/2025 मोबाइल- 9694641906

आम-सूचना
दिनेश कुमार पुत्र श्री मोतीराम यादव ने मेरी अभिभाष्या फर्म बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि0, जयपुर की योजना अबू विहार-ए, माचवा, जयपुर के भूखण्ड संख्या-37 के मूल दस्तावेज गुम हो गये है जिस बाबत गुमशुदगी रपट संख्या- LR. No. 2956387/2025 दिनांक 14/11/2025 को जयपुर मे दर्ज करवाई है तथा उक्त रिपोर्ट की प्रतिलिपि व बन्ध पत्र, शपथ पत्र समिति कार्यालय मे प्रस्तुत किये तथा डुप्लीकेट पट्टा जारी करने बाबत समिति से कहा गया। यदि उक्त भूखण्ड का डुप्लीकेट पट्टा, रसीद व साईड प्लान जारी करने के सम्बन्ध मे किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति या संगठन को कोई आपत्ति हो तो वो समिति कार्यालय मे या मेरे कार्यालय मे उक्त सूचना के प्रकाशन से 15 दिवस की अवधि मे उज्र व आपत्ति पेश करें; अन्यथा डुप्लीकेट पट्टा जारी किया जावेगा, बाद मियाद गुजरने के कोई उज्र मान्य नही होगा।
(हेमन्त कुमार पलोड) एडवोकेट
मोबाईल नं. 9314511091

नाम परिवर्तन
मैं रविन्द्र सिंह , पुत्र श्री विजय सिंह , निवासी बी-5/819, वृंदा गार्डन, जगतपुरा जयपुर एतदद्वारा घोषणा करता हूँ कि मेरा नाम आधार कार्ड में रविन्द्र सिंह , लेकिन मेरी 10वी की मार्कशीट में इसका उल्लेख रवेन्द्र सिंह के रूप में किया गया है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है, भविष्य में मुझे मेरे सही नाम रविन्द्र सिंह के नाम से जाना जावे । शपथ पत्र दिनांक: 23-11-2025 के अनुसार

I have changed my name Basanti to Basanti Devi. In future know me as Basanti Devi W/o Shrawan Kumar Bakolia R/o 105/174 Kumbha Marg Pratap Nagar, Sector-11, Sanganer Jaipur 302033

I Arti Khandelwal R/o. Address: 192-A, Katewa Nagar, Jaipur has changed my Name from Arti khandelwal to Aarti Khandelwal for all future purposes.

I have changed my Name From Sangita Tekchandani to Sangita Kodwani W/o Shri Suresh Kodwani R/o 69/296, Veer Tejaji Road Mansarovar Jaipur (Raj.). In future I should be known and recognized by my new name.

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/861 चूंकि प्रार्थी श्री Leela Dhar Sharma 225 Shri Gopal Nagar 60ft Road Gopal Pura Bye Pass Jaipur ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास भारत सेवा संस्थान, Heera Bagh Ram Singh Road Jaipur के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 21/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 30/01/2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

खोया पाया
प्लाट नं. 82 एवं 83 कमला नेहरू नगर हसनपुरा-सी, जयपुर के मूल दस्तावेज गुम गये है। जो कि गुलाब चन्द सैनी एवं स्व.किशनलाल सैनी के नाम थे। मिलने पर सम्पर्क करें- सुनील सैनी 9610061909

आवास संख्या 74/41 मानसरोवर जयपुर का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र और अदेय प्रमाण पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। बिजन बिहारी पॉल मो.9868846753

मेरे आवास संख्या 42/41/03 मानसरोवर जयपुर का कब्जा पत्र (Handing Over Taken Over) गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। मोहिनी खत्री मो.7737144247

जेडीए द्वारा जारी प्लॉट नंबर सी-946 क्षेत्रफल 266.66 वर्गगज 4-सी माचेडा जयपुर का रजिस्टर्ड पट्टा मय संलग्न स्टाम्प पेपर एवं साईट प्लान कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें। प्रदीप काबरा- 8209293560

कार्यालय नगर निगम जयपुर
सेक्टर-9 गोखले मार्ग, शिप्रा पथ रोड मानसरोवर जयपुर
क्रमांक :- जसअ/2025/301 दिनांक: 18.11.2025
ई-निविदा सूचना सं. अधि0 अभि0 (मानसरोवर जोन) -99 से 117/2025-26
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम ज